**NEWS CLIPPING:31.10.2023**

# PIONEER

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के 18 कैडेट एनसीसी बी सर्टिफिकेशन के लिए क्वालीफाई



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एनसीसी आर्मी विंग के 18 कैडेट ने 20 से 29 अक्टूबर, 2023 तक गुरुग्राम में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया तथा एनसीसी बी सर्टिफिकेशन के लिए क्वालीफाई किया।

शिविर के दौरान कैडेट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों जिसमें मैराथन, खो खो, रिले रेस, रस्साकशी, वॉलीबॉल और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं शामिल रहीं, में हिस्सा लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक एवं प्रमाण पत्र हासिल किये। पदक विजेता कैडेट्स में भारती, स्नेहा, सोनिया, तनु मलिक, मेघना, आयुषी, पूजा, पुनीत और यश शामिल रहे। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने एनसीसी कैडेटों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की। डीन (इंस्टीट्यूशंस) प्रो. संदीप ग्रोवर ने भी एनसीसी कैटेड्स को बधाई दी। आर्मी विंग के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉ. महेश चंद ने विश्वविद्यालय के कैडेट्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिविर के दौरान में देशभर से 795 कैडेट्स ने हिस्सा लिया तथा विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में 16 स्वर्ण पदक और एक रजत पदक हासिल किया।

**NEWS CLIPPING:31.10.2023**

# AAJ SAMAJ

## कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कर्मचारियों ने आज केंद्रीय सतर्कता आयोग के आह्वान पर 31 अक्टूबर से 6 नवंबर, 2023 तक मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें है। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और विश्वविद्यालय सतर्कता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. संदीप ग्रोवर की उपस्थिति में कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। यह प्रतिज्ञा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि इस प्रतिज्ञा का उद्देश्य विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा सभी क्षेत्रों में ईमानदारी और पारदर्शिता लाने तथा भ्रष्टाचार से सख्ती से लड़ने की प्रतिबद्धता का समर्थन करना है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार देश के विकास और प्रगति को प्रभावित करता है, जिसे खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि वे भ्रष्टाचार को चुनौती देना अपना कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी समझें। उन्होंने शिक्षक समुदाय से आह्वान किया कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए शिक्षा को एक उपकरण के रूप में उपयोग करें।



**NEWS CLIPPING:31.10.2023**

# HINDUSTAN

# विश्वविद्यालय के कर्मियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ली

- सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन
- कर्मचारियों से भष्टाचार को चुनौती देने की अपील

फरीदाबाद, संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें है।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और विश्वविद्यालय सतर्कता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. संदीप ग्रोवर की उपस्थिति में कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने शपथ दिलाई। यह प्रतिज्ञा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि इस प्रतिज्ञा का उद्देश्य विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा सभी क्षेत्रों में ईमानदारी और पारदर्शिता लाने तथा भ्रष्टाचार से सख्ती से लड़ने की प्रतिबद्धता का समर्थन करना है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार देश के विकास और प्रगति को प्रभावित करता है। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि वे भ्रष्टाचार को चुनौती देना अपना कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी समझें।

**NEWS CLIPPING:31.10.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## NCC बी सर्टिफिकेशन के लिए क्वॉलिफाई



एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी के NCC आर्मी विंग के 18 कैडेट्स ने 20 से 29 अक्टूबर तक गुड़गांव में हुई वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। इन छात्रों ने NCC बी सर्टिफिकेशन के लिए क्वॉलिफाई किया। शिविर के दौरान कैडेट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों हिस्सा लिया और अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक व प्रमाण पत्र हासिल किए। पदक विजेता कैडेट्स में भारती, स्नेहा, सोनिया, तनु मलिक, मेघना, आयुषी, पूजा, पुनीत और यश शामिल हैं। कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर ने उन्हें बधाई दी।

**NEWS CLIPPING:31.10.2023**

# PUNJAB KESARI

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में कर्मचारियों ने सत्य निष्ठा की शपथ ली

फरीदाबाद, 30 अक्तूबर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कर्मचारियों ने आज केंद्रीय सतर्कता आयोग के आह्वान पर 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें है।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर और विश्वविद्यालय सतर्कता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. संदीप ग्रोवर की उपस्थिति में कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। यह प्रतिज्ञा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि इस प्रतिज्ञा का उद्देश्य विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा सभी क्षेत्रों में ईमानदारी और पारदर्शिता लाने तथा भ्रष्टाचार से सख्ती से लडने की प्रतिबद्धता का समर्थन करना है।



*सत्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी।*

**NEWS CLIPPING:31.10.2023**

# HINDUSTAN

## 18 कैडेट एनसीसी 'बी' सर्टिफिकेशन के लिए क्वालीफ़ाई

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एनसीसी आर्मी विंग के 18 कैडेट ने 20 से 29 अक्तूबर तक गुरुग्राम में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-107) में हिस्सा लिया और एनसीसी बी सर्टिफिकेशन के लिए क्वालीफाई किया। शिविर के दौरान कैडेट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों जिसमें मैराथन, खो खो, रिले रेस, रस्साकशी, वॉलीबॉल और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं शामिल रहे। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने एनसीसी कैडेटों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उनके प्रदर्शन की सराहना की। डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर ने भी एनसीसी कैटेड्स को बधाई दी।